प्रेस नोट

सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस की धूम

सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज “बाल दिवस” का आयोजन किया गया। इस दिवस में बच्चों को गिफ्ट दिए गए तथा विभिन्न खेलकूद एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रदेशों के आधार पर स्टाल लगाए गए, जैसे राजस्थानी, हरियाणवी, जम्मू और कश्मीरी इन स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ जैसे, चाट, फ्रूट, जलेबी, पाव-भाजी, फ्रूट सलाद आदि अनेकों प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन मिले। इस अवसर पर लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने सभी बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य तथा उज्जवल भविष्य की कामना की तथा बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आइसक्रीम, कुल्फी का अलग से प्रबंध किया गया, साथ ही बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल भी खिलाए गए।